# 'संडे एट सवेरा' में बरसा आनंद, झूमे शहरवासी

## बड़े तालाब का बोट क्लब पर फिटनेस, संगीत और कला का संगम





**भोपाल, 10 मई. राजधानी भोपाल के बोट क्लब, लेक व्यू पर रविवार सुबह आयोजित 'संडे एट सवेरा' कार्यक्रम में लगभग 1500 लोगों ने भाग लिया. सुबह 6 बजे से 9 बजे तक चले इस आयोजन को चौपाल आर्टग्राउंड द्वारा क्यूरेट किया गया, जिसमें फिटनेस, संगीत, कला और सामुदायिक सहभागिता का अनूठा संगम देखने को मिला.**

कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध फ्लूट आर्टिस्ट अजय शिंदे द्वारा फ्लूट मेडिटेशन से हुई, जिसने उपस्थित लोगों को एक शांत और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया. इसके बाद जुम्बा सेशन लोगों का सबसे पसंदीदा आकर्षण बना, जिसमें ट्रेनर वीटा ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम के दौरान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले तीन चेंजमेकर्स का सम्मान भी किया गया. इनमें 'द मेंटरशिप प्रोजेक्ट' के राघव सिंह, 'तक्षशिला इंस्टीट्यूट फॉर चाइल्ड डेवलपमेंट' से अनिल एवं रोल्ली, तथा 'एल्गी ट्री' की टीम शामिल रही. 'आगाज़' बैंड में मुस्कान पांडे की प्रस्तुति ने लोगों का दिल जीत लिया. वहीं डीजे यशोधन के शानदार म्यूजिक पर लोगों ने जमकर डांस किया. कार्यक्रम का संचालन आरजे वेद द्वारा किया गया. आयोजन को सफल बनाने में चौपाल आर्टग्राउंड के संस्थापक आयुष खरे और मोहित सक्सेना के साथ प्रवीण विश्वकर्मा, महक पांडे, यश मिश्रा एवं पूरी टीम की भूमिका रही.

# जो दूसरों को देता है वह देवता

## प्रणाम उदन्त मार्तण्ड के समापन पर फिल्म निर्माता डॉ. द्विवेदी ने कहा

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 मई. क्या आपके राज्य में रिश्वत लेकर अपराधी को छोड़ तो नहीं दिया जाता, क्या किसान केवल बारिश के भरोसे तो नहीं है, भारत भवन के खचाखच भरे सभागार में जब प्रख्यात फिल्म निर्माता डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने रामायण में सुशासन पर श्रीराम के इन 88 सवालों का जिक्र किया तो पूरा हॉल मौन होकर सुशासन के भारतीय सूत्रों को सुनने लगा. अवसर था रविवार को भारत भवन में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संविमर्श प्रणाम उदन्त मार्तण्ड के समापन का.**

सत्र में माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि यह तीन दिन के विमर्श का अंत नहीं, बल्कि एक विराम है. अब उदन्त मार्तण्ड की गौरव गाथा को प्रणाम करने के लिए यह कारवां कोलकाता जाएगा, जहां इस समाचार पत्र का जन्म हुआ था.

कार्यक्रम में डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने सुशासन के साथ साथ मनुष्य और देवता के अंतर को भी परिभाषित किया. उन्होंने कहा कि जो सोचता है वह मनुष्य है और जो दूसरों को देता है वह देवता है. उन्होंने कहा कि हमारी व्यवस्थाएं मनुष्य को मांगने वाला बना रही हैं, जबकि भारतीय वांग्मय उसे लोक सेवक बनने की प्रेरणा देता है. इसी सत्र में वरिष्ठ पत्रकार हितेश शंकर ने शब्दों और संस्कृति के गहरे रिश्ते को समझाते हुए कहा कि जहां अनुभव नहीं होता, वहां शब्द भी पैदा नहीं होते.

संविमर्श के विभिन्न सत्रों में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर भी तीखी और सार्थक बहस हुई. वरिष्ठ पत्रकार राशिद किदवई ने कहा कि पत्रकार जब अपनी ख्वाहिश को खबर का रंग देने लगते है तो गलती की गुंजाइश बढ़ जाती है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एआई कभी भी मानवीय अनुभव का विकल्प नहीं हो सकता.

### पुस्तक समग्र भारतीय पत्रकारिता पर हुई चर्चा



एक विशेष सत्र में विजयदत्त श्रीधर की पुस्तक समग्र भारतीय पत्रकारिता पर चर्चा की गई. जयराम शुक्ल ने कहा कि श्रीधर जी बीते तीन दशकों से गूगल की तरह काम कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय पत्रकारिता का प्रामाणिक इतिहास सहेज लिया है. जवाहर कर्णावट ने विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के 143 साल पुराने सफर की जानकारी दी. बता दें इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के 60 से अधिक दिग्गजों ने हिस्सा लिया. वहीं छात्रों ने आयोजन में खुद का समाचार पत्र, बुलेटिन और पॉडकास्ट तैयार कर पत्रकारिता की बारीकियां सीखीं.

# मैपकास्ट में आज मनाएंगे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

नवभारत न्यूज

**भोपाल,10 मई. मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ( मैपकास्ट ) द्वारा सोमवार, 11 मई को 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' का आयोजन किया जाएगा. विज्ञान भवन के मुख्य सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भोपाल शहर के 27 प्रमुख शिक्षण संस्थानों के 250 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे.**

मैपकास्ट की 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी लोकव्यापीकरण' योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और तकनीकी जागरूकता को प्रोत्साहित करना है.

मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के कार्यकारी निदेशक डॉ. विवेक कटारे और विज्ञान लोकव्यापीकरण योजना के प्रभारी डॉ. विकास शेंडे विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और भारत द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक के महत्व पर प्रकाश डालेंगे. कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक और राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका पर विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे. आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति व लाइफ कोच डॉ. राजीव अग्रवाल और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट), भोपाल के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विजय भास्कर सेमवाल उपस्थित रहेंगे.

# आंचलिक विज्ञान केंद्र में समारोह आज

**भोपाल, 10 मई.** आंचलिक विज्ञान केन्द्र द्वारा मैनिट एवं आइसर के सहयोग से सोमवार को 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' मनाया जाएगा. इस अवसर पर 'प्रौद्योगिकी प्रदर्शन कार्नर' स्थापित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा विकसित अत्याधुनिक तकनीकों, नवाचारों एवं अनुसंधान परियोजनाओं का प्रदर्शन विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन के लिए किया जाएगा.

## एक नजर में



### शोभा चटर्जी 'कला सारथी' सम्मान से सम्मानित

**भोपाल, 10 मई.** रंगमंच और रंग कर्म में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए राजधानी भोपाल की शोभा चटर्जी को आर्ट ऑफ़ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में श्री श्री रविशंकर ने 'कला सारथी' सम्मान से सम्मानित किया.



### एम्स में पोस्टरों से दिया अग्नि सुरक्षा का संदेश

**भोपाल, 10 मई.** एम्स भोपाल में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कोड रेड हर पल कीमती है विषय पर रविवार को एक प्रभावशाली पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. संस्थान के कार्यपालक निदेशक प्रो डॉ माधवानन्द कर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अस्पताल परिसर में सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था. बता दें 4 से 10 मई तक चलने वाले इस सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों और छात्रों को सजग किया जा रहा है. प्रतियोगिता में एमबीबीएस और नर्सिंग के विद्यार्थियों सहित तकनीकी कर्मचारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और फायर सेफ्टी टीम ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया.

### मूविंग फार्म्स कार्यशाला का शुभारंभ आज

**भोपाल, 10 मई.** अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी में 11 मई से आवासीय कला कार्यशाला मूविंग फार्म्स का शुभारंभ होने जा रहा है. आर्ट डिजाइन टीचर्स फोरम द्वारा आयोजित कार्यशाला में मप्र सहित विभिन्न राज्यों से आए लगभग 40 कला शिक्षक और कलाकार हिस्सा लेंगे. बता दें आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन मध्यप्रदेश और अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है. मुख्य अतिथि मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो अमिताभ पांडे होंगे. कार्यशाला में चित्रकला और सामूहिक सृजन जैसी कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी.

# 16-17 को जिला प्रशिक्षण वर्ग

## तैयारी को लेकर भाजपा भोपाल नगर की बैठक

**भोपाल, 10 मई. भोपाल नगर भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय स्थित मीडिया सेंटर में बैठक हुई. बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 अंतर्गत 16 एवं 17 मई को सन स्काई गार्डन, कोलू खेड़ी सीहोर रोड पर आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.**

भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि संगठन की रीति-नीति, विचारधारा एवं कार्यपद्धति को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में अनुशासन, व्यवस्थाओं एवं कार्यकर्ता सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम सफल एवं प्रेरणादायी बन सके. बैठक में कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए तथा आवास, भोजन, सुरक्षा, मंच, पंजीयन, चिकित्सा एवं अनुशासन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

जसवंत हाड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण एवं संगठन विस्तार का सशक्त माध्यम है.

उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सेवा भाव, अनुशासन एवं समर्पण के साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया. बैठक को प्रशिक्षण वर्ग प्रमुख श्याम सुंदर शर्मा ने भी संबोधित किया.

# आज से 'मूविंग फॉर्म्स' कला कार्यशाला

**भोपाल 10 मई.** राजधानी भोपाल में सोमवार से पांच दिवसीय आवासीय कला कार्यशाला 'मूविंग फॉर्म्स-वर्क कैंप' की शुरुआत होने जा रही है. आर्ट डिज़ाइन टीचर्स फ़ोरम द्वारा आयोजित यह कार्यशाला अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी परिसर में सुबह 9:30 बजे शुरू होगी. आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिज़ाइन मध्यप्रदेश और अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के सहयोग से किया जा रहा है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे रहेंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में यूनिवर्सिटी की एसोसिएट डायरेक्टर निशा बुटोलिया शामिल होंगी. कार्यशाला की प्रमुख सूत्रधार कलाकार एवं संकाय सदस्य मालविका राजनारायण होंगी, जो प्रतिभागियों के साथ रचनात्मक सत्र संचालित करेंगी.




# आओ जगदंबे म्हारियां अवंती सहित पावना

## संभावना गतिविधि में नृत्य एवं गायन की हुई प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 10 मई. मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' के तहत रविवार 10 मईको संतकुमार यहके एवं साथी, सिवनी द्वारा गोण्ड जनजातीय गेड़ी नृत्य, दिव्या सिंह चौहान एवं साथी,ग्वालियर द्वारा लांगुरिया नृत्य, राम भावसार एवं साथी, शाजापुर द्वारा भक्ति गायन, दिपाशा यादव एवं साथी खंडवा द्वारा निमाड़ी गायन की प्रस्तुति दी गई.**



गतिविधि में राम भावसार एवं साथी, शाजापुर द्वारा भक्ति गायन में गणेश वंदना-सखी प्रथम मनाऊं गणधीश ने जी..., ज्वाला देवी आसान- आओ जगदंबे म्हारियां अवंती सहित पावना..., जल जमना रो पानी..., झुक रही पहाड़ के माय..., आरी दे जा दई को दान..., दई दीजो रे बंसी वाला म्हारो कजरो..., बंसी बजी रे कान्हा तेरी मदन गोपाल एवं अन्य भजनों की प्रस्तुति दी. इसके बाद दिपाशा यादव एवं साथी खंडवा द्वारा निमाड़ी गायन में गौरी गणेश ख मना वां गा हम गौरी गणेश ख मना वां गा..., थारो निर्मल निर्मल पाणी नरबदा महारानी महारानी..., सिंगाजी न लियो अवतार..., बन्ना जी तुम बम्बई जाजोजी..., रंग बरसा रे गुलाल बरस..., नरबदा हो थारो बनी गयो बांध काई लाया न कई लई..., जैसे अन्य लोक गीतों की प्रस्तुति दी.

# मयंक अकादमी ने 4 विकेट से जीता मैच

**▶ अभय गोस्वामी अकादमी को हराया**

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 10 मई. 14वीं स्वर्गीय अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को खेले गए मुकाबले में मयंक क्रिकेट अकादमी ने अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की. मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह और मैदान पर दर्शकों की मौजूदगी मुकाबले को रोमांचक बना रही थी.**



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अभय गोस्वामी अकादमी ने निर्धारित ओवरों में 161 रन बनाए. टीम की ओर से प्रतीक शुक्ला ने 42, अविनाश ने 28 और जय रघुवंशी ने 24 रन का योगदान दिया. मयंक अकादमी के गेंदबाज समर्थ तिरखी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि पीयूष सिंह को 2 सफलता मिली162 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मयंक क्रिकेट अकादमी ने 28वें ओवर में 6 विकेट खोकर 165 रन बना लिए. प्रारब्ध मिश्रा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 79 रन की मैच जिताऊ पारी खेली. अरबाज उद्दीन और गौरांग ने 20-20 रन बनाए. अभय गोस्वामी अकादमी की ओर से नीरज ग्रोवर ने 2 विकेट लिए. मैच के बाद कोच के.डी. गुप्ता ने खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए कहा कि टीम ने दबाव में संयम बनाए रखा और युवा खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी के साथ प्रदर्शन किया. शानदार बल्लेबाजी के लिए प्रारब्ध मिश्रा को स्कोरर लक्की शर्मा द्वारा मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया.

# विश्व मंच पर चमकी भोपाल की नीरू

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में कांस्य पदक जीतकर भारत का बढ़ाया मान

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 10 मई. कज़ाकस्तान के अल्माटी में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2026 में मध्यप्रदेश की शूटर नीरू ढंडा ने शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम विश्व मंच पर रोशन किया है. भोपाल स्थित म.प्र. राज्य शूटिंग शॉटगन अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी नीरू ने ट्रैप मिक्स्ड टीम स्पर्धा में विवान कपूर के साथ कांस्य पदक जीतकर देश के लिए उपलब्धि हासिल की.**



जैसे ही भारतीय जोड़ी ने पदक अपने नाम किया, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने इसे सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभा की अंतरराष्ट्रीय पहचान बताया. प्रतियोगिता में दुनिया के कई दिग्गज निशानेबाज मौजूद थे, लेकिन भारतीय जोड़ी ने दबाव के बीच बेहतरीन तालमेल और सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन किया. पदक जीतने के बाद नीरू ने कहा, 'जब तिरंगा ऊपर जाता है तो वह पल शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता. मैंने हर शॉट देश के लिए खेला.' वहीं विवान ने कहा कि भारतीय टीम का आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा है और आने वाले टूर्नामेंट्स में भी बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य रहेगा. अकादमी के प्रशिक्षकों ने नीरू की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास को इस सफलता का आधार बताया.

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि भोपाल की अकादमी आज देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दे रही है और नीरू की यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी.

**साहित्य** | दुष्यंत कुमार संग्रहालय में काव्य संध्या, मुशायरा का आयोजन

# फैसला जो भी हो, शुक्रिया जिंदगी तूने लड़ने का मौका दिया

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 10 मई. शहर की साहित्यिक फिज़ा में रविवार की शाम उस समय भावुकता और तालियों की गड़गड़ाहट से भर गई, जब एक युवा रचनाकार ने बिना मर्जी के ब्याहे जाने के दर्द को चाय के प्याले में गिरे आंसुओं से जोड़ा. वहीं दूसरे कवि ने संघर्ष के लिए जिंदगी को शुक्रिया कहा.**



दुष्यंत कुमार संग्रहालय में शायद ग्रुप की ओर से आयोजित काव्य संध्या और मुशायरा कुछ ऐसे ही अनछुए अहसासों के नाम रहा. शहर के साहित्य प्रेमियों ने यहां न केवल कविताओं और गजलों का आनंद लिया, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के अलग अलग रंगों को भी महसूस किया. कार्यक्रम में शायद ग्रुप की अर्धवार्षिक साहित्यिक पत्रिका नवोविथी का लोकार्पण भी किया गया. पत्रिका के सह संपादक सतीश मलासिया ने इसके विजन को साझा करते हुए इसे समकालीन साहित्यिक चेतना का साझा मंच बताया. वहीं मुशायरे की कमान दीपा खरे ने संभाली और उनकी सधी हुई संचालन शैली ने शाम की रवानगी को बरकरार रखा. मुशायरे में जब मशगूल मेहरबानी ने अपनी पंक्तियां पढ़ीं कि बिना मर्जी के ब्याहे जाने का भी दुख है, इसमें गिरे हैं चाय में आंसू तो कुछ खारी रहेगी, तो पूरा हॉल खामोश हो गया. वहीं इंसाफ सिरोंजी ने जमीं पर सिर्फ गुजारा करने की बात कहकर सादगी का संदेश दिया. प्रशांत विशाल की पंक्तियां फैसला जो भी हो शुक्रिया जिंदगी तूने लड़ने का मौका दिया ने युवाओं में जोश भर दिया. तो अकेलेपन और जिम्मेदारी के बीच के द्वंद्व को प्रांशु दुबे प्राण ने अपनी रचना में बखूबी उतारा. वहीं निधि कौशिक ने नीयत और कर्म के भेद को स्पष्ट किया. तो अभिलाषा श्रीवास्तव ने रूह के मिलन से मुस्कुराती जिंदगानी की तस्वीर पेश की. वैशाली सक्सेना ने रिश्तों की अस्थिरता पर चोट करते हुए कहा कि जिंदगी में हर कोई बस जिंदगी भर के लिए नहीं होता. कार्यक्रम के समापन पर अनुराग भरत ने कहा कि साहित्य ही वह माध्यम है जो समाज की यादों को जीवित रखता है.